भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2311 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 13 फ़रवरी, 2026/24 माघ, 1947 (शक) को दिया जाना है

समुद्री और नदी क्रूज यात्री

† 2311. श्री आलोक शर्मा :
श्री लुम्बाराम चौधरी :
श्री दिलीप शइकीया :
श्री बलभद्र माझी :
श्रीमती अनिता नागरसिंह चौहान :
श्री मनोज तिवारी :
श्रीमती कमलेश जांगड़े :
श्री पी. सी. मोहन :
श्री शंकर लालवानी :
श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन :
श्री नव चरण माझी :
श्री राजीव प्रताप रूडी :

क्या पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान देश में समुद्री और नदी क्रूज यात्रियों की संख्या कितनी है;

(ख) नई अनुमानित कराधान व्यवस्था (धारा 44 खखग) के तहत विदेशी क्रूज ऑपरेटरों से कितना राजस्व एकत्रित हुआ;

(ग) दिसंबर 2025 तक छह प्रमुख क्रूज पत्तनों पर अंतर्राष्ट्रीय क्रूज आगमन की कुल संख्या कितनी है;

(घ) क्या सरकार ने सभी अंतर्राष्ट्रीय टर्मिनलों पर "क्रूज क्यूआर कोड" क्लीयरेंस प्रणाली शुरू की है;

(ङ) यदि हां, तो इसके कार्यान्वयन के तरीके सहित तत्संबंधी ब्यौरा और यात्री सुविधा, समय पर क्लीयरेंस और पारदर्शिता पर इसका क्या प्रभाव पड़ा है, और

(च) योजना में स्वीकृत/प्रस्तावित नए समुद्री या अंतर्देशीय नदी क्रूज मार्ग / टर्मिनल का उनके स्थान, समय पर क्लीयरेंस और अपेक्षित पर्यटन और रोजगार लाभों सहित राज्यवार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**
**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क):** भारत में वित्त वर्ष – 2024-25 और वित्त वर्ष 2025-26 (दिसंबर 2025, तक) के लिए समुद्र और नदी क्रूज यात्रियों की संख्या निम्नलिखित है:

| वर्ष | वित्त वर्ष 2024–25 | वित्त वर्ष 2025–26 (दिसंबर, 2025 तक) |
|---|---|---|
| समुद्र क्रूज़ यात्री | 4,92,362 | 3,42,631 |
| नदी क्रूज़ यात्री | 4,35,163 | 29,26,440 |

**(ख):** (i) आय- कर अधिनियम, 1961 की धारा 44 बीबीसी से संबंधित नए कॉलम, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर- 3, आईटीआर-5 और आईटीआर-6 में प्रस्तुत किए गए हैं:

- आईटीआर-3 अनुसूची बीपी: (35) (वीआईबी) व्यवसाय या पेशे के लाभ या प्राप्ति को धारा 44 बीबीसी के अंतर्गत माना जाएगा।
- आईटीआर-5 अनुसूची बीपी: (35) (वीआईबी) व्यवसाय या पेशे के लाभ या प्राप्ति को धारा 44 बीबीसी के अंतर्गत माना जाएगा।
- आईटीआर-6 अनुसूची बीपी: (36)(वीआईबी) व्यवसाय या पेशे के लाभ या प्राप्ति को धारा 44 बीबीसी के अंतर्गत माना जाएगा।

(ii) ऐसा देखा गया है कि केवल तीन लोगों ने वित्त वर्ष 2025-26 (31 दिसंबर, 2025 तक नवीनतम प्रस्तुत किया गया) के आईटीआर-3 के उपरोक्त उल्लेखित कॉलम में आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 44 बीबीसी के तहत व्यवसाय के लाभ एवं प्राप्ति के रूप में कुल 2,10,001/- रु. बताए हैं।

**(ग):** वित्त वर्ष 2025-26 (दिसंबर, 2025 तक) के लिए 06 मुख्य क्रूज़ पत्तन पर अंतर्राष्ट्रीय क्रूज़ कॉल की कुल संख्या 25 थी।

**(घ) और (ड):** जी हां, अप्रवासन ब्यूरों, गृह मंत्रालय द्वारा सभी मुख्य अंतर्राष्ट्रीय समुद्री पोत पर क्रूज़ क्यूआर कोड शुरू किए गए हैं। ई- वीज़ा पर भारत में आने वाले सभी क्रूज़ यात्रियों के लिए उनके ई- ट्रैवल प्राधिकार के लिए एक क्यूआर कोड होगा। इसके अलावा, नियमित वीज़ा धारकों के लिए प्राप्त यात्री मैनिफेस्ट के अनुसार यात्रियों को अलग से एक क्यूआर कोड दिया जाता है। दोनों मामलों में, यह एकल क्रूज क्यूआर कोड, क्रूज़ यात्रियों को क्रूज़ पोत और पत्तन के मध्य उनकी आवाजाही के दौरान समुद्र पत्तन क्रूज़ टर्मिनल पर प्रवासन प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने के योग्य बनाता है।

**(च):** विवरण **अनुबंध** में है।

अनुबंध – क

1. **समुद्र** मुरगांव पत्तन, गोवा पर अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रूज़ टर्मिनल निर्माणाधीन है।

2. **नदी** जानकारी नीचे तालिका में दी गई है।

| रा.ज. की संख्या | राज्य | राष्ट्रीय जलमार्गों का नाम | क्रूज सर्किट |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | रा.ज. *-79 ( पेन्नार नदी)* | पवित्र संगमम स्थानीय क्रूज़ |
| 1 | आंध्र प्रदेश, तेलंगाना , छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तमिलनाडु, पुदुचेरी और महाराष्ट्र | रा.ज. -4 {गोदावरी नदी ( भद्राचलम से राजमुंदरी और भद्राचलम - नासिक ), काकीनाडा नहर (काकीनाडा से राजमुंदरी), एलुरु नहर (राजमुंदरी से विजयवाड़ा), कृष्णा नदी ( वजीराबाद से विजयवाड़ा और वजीराबाद - गलगली), कोमामुर नहर (विजयवाड़ा से पेद्दागंजम ), उत्तर और दक्षिण बकिंघम नहरें और मरकानम से कालूवेल्ली टैंक के माध्यम से पुदुचेरी | महाबलीपुरम - एडियूर ब्रिज<br>अलमट्टी डैम से हरकल (रातभर)<br>नारायणपुर बांध<br>तारलागुडा-भद्रकाली<br>कालेश्वरम-सिरोंचा<br>श्रीपद येलमपल्ली<br>श्रीरामसागर<br>कोपरगांव<br>नांदेड़<br>पैठण |
| 1 | आंध्र प्रदेश और कर्नाटक, तेलंगाना | रा.ज. *-104 (तुंगभद्रा नदी)* | सुंकेसुला बैराज |
| 2 | गुजरात | रा.ज. *-66 ( माही नदी)* | सिंधोर्ट बांध - कोटना - बीच और कडाना बांध |
| | | रा.ज. *-87 (साबरमती नदी)* | धोलका-वतमान और संत सरोवर बांध का यू/एस |
| 2 | गुजरात और महाराष्ट्र | रा.ज. -73 (नर्मदा नदी) | कुक्षी - सरदारसरोवर बांध का यू/एस |
| | | रा.ज. -100 ( तापी नदी) | सूरत कैसल-डुमास बीच |
| 1 | गुजरात और राजस्थान | रा.ज. *-48 ( जवाई-लूनी-रण ऑफ कच्छ नदी प्रणाली)* | धोलावीरा और लखपत किला- नारायण सरोवर (गृह मंत्रालय की मंज़ूरी ज़रूरी) |

| रा.ज. की संख्या | राज्य | राष्ट्रीय जलमार्गों का नाम | क्रूज सर्किट |
|---|---|---|---|
| 6 | गोवा | रा.ज. *-25 ( चपोरा नदी)* | चापोरा-अलोर्ना किला |
| | | रा.ज. *-88 (साल नदी)* | कैवोलोसिम-बेतुल किला- बेतुल लाइटहाउस |
| 2 | जम्मू और कश्मीर | रा.ज. *-26 (चेनाब नदी)* | रियासी-अखनूर |
| | | रा.ज. *-49 (झेलम नदी)* | वुलर झील से पंथा चौक |
| 1 | केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख | रा.ज. *-46 (सिंधु नदी)* | रामबीरपोरा-कारू |
| 1 | जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और पंजाब | रा.ज. *-84 (रावी नदी)* | सोहर - मिनी गोवा |
| 1 | झारखंड | रा.ज. *-56 (खरकाई नदी)* | जमशेदपुर (रा.ज. -96) से जुड़ा हुआ |
| 4 | केरल | रा.ज. *-59 (कोट्टायम-वाइकोम नहर)* | कुमारकोम |
| 1 | केरल और तमिलनाडु | रा.ज. -13 (एवीएम नहर) | पूवर झील |
| 9 | कर्नाटक | रा.ज. *-41 ( घाटप्रभा नदी)* | अलमाटी बांध सर्किट में शामिल |
| | | रा.ज. *-51 ( काबिनी नदी)* | संरक्षित वन में स्थानीय पर्यटन |
| | | रा.ज. -52 (काली नदी) | सदाशिवगढ़ - हलगेजूग - सागर |
| | | रा.ज. *-67 ( मलप्रभा नदी)* | बादामी गुफाएँ, पट्टाकडल और ऐहोल |
| | | रा.ज. *-76 { पंचगंगावली ( पंचगंगोली ) नदी }* | कोडी बैकवाटर्स |
| | | रा.ज. *-90 ( शरवती नदी)* | गेरुसोप्पा-होन्नावर |
| | | रा.ज. *-105 ( उदयवारा नदी)* | मालपे समुद्र दृश्य |

| रा.ज. की संख्या | राज्य | राष्ट्रीय जलमार्गों का नाम | क्रूज सर्किट |
|---|---|---|---|
| 1 | कर्नाटक और तेलंगाना | रा.ज. *-21 (भीमा नदी)* | यादगीर किला |
| 9 | महाराष्ट्र | रा.ज. *-11 (अरुणावती - एरन नदी प्रणाली)* | चिंचोली बांध |
| | | रा.ज *-53 (कल्याण -ठाणे-मुंबई जलमार्ग, वसई क्रीक और उल्हास नदी प्रणाली)* | नवी मुंबई हवाई अड्डे को जोड़ने वाला शहरी परिवहन |
| | | रा.ज *-83 (राजपुरी क्रीक)* | अगरदंडा |
| | | रा.ज -85 (रेवदंडा क्रीक - कुंडलिका नदी प्रणाली) | रेवाडांडा किला |
| | | रा.ज *-89 (सावित्री नदी ( बैंकोट क्रीक)* | हरिहरेश्वर |
| 3 | महाराष्ट्र और तेलंगाना | रा.ज *-70 (मंजारा नदी)* | ऑक्टोपस झील और निज़ामसागर बांध |
| | | रा.ज *-109 (वैनगंगा - प्राणहिता नदी प्रणाली)* | सिरोंचा - कालेश्वरम |
| 4 | ओडिशा | रा.ज *-14 (बैतरणी नदी)* | भीतरकनिका वन |
| | | रा.ज *-22 (बिरुपा - बड़ीगेंगुटी - ब्राह्मणी नदी प्रणाली)* | ललितगीर-उदयगिरी-रत्नागिरी |
| | | रा.ज *-23 (बुढ़बलंगा )* | बालासोर - छिपा हुआ समुद्र तट |
| | | रा.ज -64 (महानदी नदी) | जोबरा |
| 1 | ओडिशा , झारखंड और पश्चिम बंगाल | रा.ज *-96 (सुवर्णरेखा नदी)* | पन्तेई घाट-भुसंदेश्वर-बिचित्रपुर मैंग्रोव |
| 2 | पंजाब और हिमाचल प्रदेश | रा.ज *-17 (ब्यास नदी)* | 4 गुरुद्वारों को कवर करने वाले धार्मिक सर्किट |
| | | रा.ज *-98 (सतलज नदी)* | नैना देवी- तत्तापानी और कीरतपुर |

| रा.ज. की संख्या | राज्य | राष्ट्रीय जलमार्गों का नाम | क्रूज सर्किट |
|---|---|---|---|
| | | | साहिब- आनंदपुर साहिब |
| 8 | तमिलनाडु | रा.ज *-20 (भवानी नदी)* | पवित्र संगमम स्थानीय क्रूज़ |
| | | रा.ज *-55 (कावेरी - कोल्लिडम नदी प्रणाली)* | चिदंबरम- पिचावरम |
| | | रा.ज *-75 (पलार नदी)* | पलार-कलपक्कम |
| | | रा.ज *-77 (पझ्यार नदी)* | मनकुडी |
| | | रा.ज *-80 (पोन्नियार नदी)* | कुड्डालोर शहर |
| | | रा.ज *-99 (*तमारापरानी नदी) | पुन्नईकयाल और तिरुनेलवेली |
| | | रा.ज *-107 (वैगई नदी)* | मदुरै |
| 2 | पश्चिम बंगाल | रा.ज -44 (इच्छामती नदी) | |
| | | रा.ज -97 (सुंदरबन जलमार्ग और 13 नदियाँ) | |
| 66 | 24 राज्यों में रा.ज | डीआईबी में शामिल 16 राष्ट्रीय राजमार्ग | |
| | | विकास के लिए प्रस्तावित 42 रा.ज | |

***